गेंदबाजी के दौरान कुछ फैसले बेहतर हो सकते थे और खिलाड़ियों को अपनी योजनाओं को मैदान पर अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। अब प्रदर्शन का स्तर सुधारना होगा।

-मोर्ने मॉर्कल

भारतीय गेंदबाजी कोच, भारतीय गेंदबाजी के प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

किमी एंटोनेली

मर्सिडीज के युवा इतालवी ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को अमेरिकी ग्रां प्री जीतकर फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। 20 वर्षीय एंटोनेली अगले सप्ताह मेक्सिको में खिताब अपने नाम कर सकते हैं। वह फॉर्मूला वन के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने की दहलीज पर हैं। अमेरिका के ऑस्टिन स्थित सर्किट ऑफ द अमेरिकाज में एंटोनेली ने पोल पोजिशन से शुरुआत की और एक बार पिट स्टॉप की रणनीति के साथ शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में उनकी नौवीं जीत रही।

क्या आप जानते है ?... पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 195 स्टंपिंग करने का रिकॉर्ड है।

आईपीएल ऑक्शन 16 दिसंबर को गोवा में होगा

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। आईपीएल2027 सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी। इससे पहले सभी 10 टीमों को 15 नवंबर तक बताना होगा कि वे अपने मौजूदा खिलाड़ियों में से किन्हें साथ बनाए रखना चाहती हैं। 16 दिसंबर को ही भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे बेंगलुरु में खेला जाना है। श्रीलंका की टीम 13 दिसंबर से भारत के दौरे पर रहेगी। इसमें 3 वनडे और 3 टी-20 खेले जाएंगे। पिछली तीन नीलामियां भारत से बाहर हुई थीं। 2024 में दुबई, 2025 के लिए सऊदी अरब के जेद्दा और 2026 में अबू धाबी में ऑक्शन हुआ था। नीलामी में हर टीम के मालिकों और अधिकारियों के अलावा कोचिंग स्टाफ शामिल होता है। इतने लोगों के लिए विदेश यात्रा, होटल, परिवहन और दूसरे इंतजाम करना खर्चीला होने के साथ-साथ जटिल भी होता है। इसीलिए इस बार का ऑक्शन भारत में हो रहा है।

एमबाप्पे के दो गोल से रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया

बार्सिलोना, 26 अक्टूबर। किलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने रविवार को एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने ला लीगा की अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अपना अंतर घटाकर तीन अंक कर लिया।

बार्सिलोना के घरेलू मैदान कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में एमबाप्पे ने मध्यांतर से पहले गोल कर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई। इसके बाद राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, एमबाप्पे ने मुकाबले के अंतिम चरण में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित कर दी। इस हार के साथ बार्सिलोना को मौजूदा सत्र में घरेलू प्रतियोगिताओं में पहली हार का सामना करना पड़ा।

यूथ कप अंडर-14: जीआर एकेडमी की 371 रन से बड़ी जीत

जयपुर, 26 अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में जीआर एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान स्पार्टन एकेडमी को 371 रन के विशाल अंतर से हराया। जीआर ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में देव आर्य और गौरव पुनिया ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि गौरव ने गेंदबाजी में भी पांच विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआर एकेडमी ने निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 441 रन बनाए। देव आर्य ने 112 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 104 रन बनाए, जबकि गौरव पुनिया ने 68 गेंदों पर 19 चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 119 रन की तूफानी पारी खेली। हिमांशु कटारिया ने 39, राघव सिंह ने 57, दीक्षित मुन्दोटिया ने 33 और मानवी चौधरी ने 29 रन का योगदान दिया। राजस्थान स्पार्टन एकेडमी की ओर से वैभव सिंह ने दो और भव्य प्रताप ने एक विकेट लिया। 442 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान स्पार्टन एकेडमी की टीम 21.5 ओवर में महज 70 रन पर सिमट गई। जीआर एकेडमी की ओर से गौरव पुनिया ने 16 रन देकर पांच विकेट झटके। हर्षिता चौधरी ने नौ रन देकर दो विकेट लिए, जबकि मानवी चौधरी और विहान पुनिया ने एक-एक विकेट हासिल किया।

पारस ने रचा इतिहास, 150 रणजी मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

वडोदरा, 26 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज पारस डोगरा ने घरेलू क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह रणजी ट्रॉफी में 150 मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने हासिल की थी। डोगरा ने सोमवार को वडोदरा के रिलायंस स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले के दौरान यह मुकाम हासिल किया। डोगरा 2000 के दशक के मध्य से भारतीय घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाते रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से रणजी ट्रॉफी में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसी टीमों के लिए खेलते हुए अपनी पहचान बनाई है। उनका सबसे यादगार सत्र 2012-13 रहा, जब उन्होंने हिमाचल प्रदेश की ओर से आठ मैचों में पांच शतक लगाए। इस दौरान उन्होंने लगातार तीन पारियों में शतक जड़ने का कारनामा भी किया। घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम उन्हें 2013 में मिला, जब वेस्टइंडीज ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उन्हें भारत ए टीम में चुना गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम से मैडिनसन और हार्पर रिलीज

केपटाउन, 26 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने निक मैडिनसन और सैम हार्पर को अपनी टीम से रिलीज कर दिया है। दोनों खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलने लौटेंगे। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की फिटनेस पर फैसला होना बाकी है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, तीसरे टेस्ट में उनकी उपलब्धता का निर्णय अभ्यास सत्र के बाद लिया जाएगा।

मैडिनसन शुक्रवार से शुरू होने वाले शेफील्ड शील्ड मुकाबले में न्यू साउथ वेल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि हार्पर शनिवार से क्वींसलैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए विक्टोरिया की टीम से जुड़ेंगे। जोश इंग्लिस की उंगली में फ्रैक्चर होने के बाद हार्पर को विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, इंग्लिस को अब विकेटकीपिंग के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। ऐसे में एलेक्स कैरी को कोई परेशानी होने पर वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 में आज सीरीज जीतने उतरेगा भारत

वेलिंगटन, 26 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में उतरेगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुका भारत इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगा। मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने नेट्स पर जमकर अभ्यास किया और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

अभ्यास सत्र के दौरान श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी और नमन धीर ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। वहीं, स्पिनर गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजी में पसीना बहाया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ नेट्स में बल्लेबाजी करते नजर आए।

भारतीय टीम ने इस सीरीज की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी। 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेले गए पहले मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में चार विकेट पर 225 रन बनाए थे। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को संजू सैमसन और नमन धीर ने जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

सैमसन ने 33 गेंदों पर 67 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि नमन धीर ने केवल 15 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी की मदद से भारत ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 230 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत ने दो गेंद शेष रहते जीत हासिल की।

इसके बाद 24 अक्टूबर को खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में भी भारत ने चार विकेट से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 180 रन बनाए और भारत के सामने 181 रन का लक्ष्य रखा। भारतीय टीम ने आखिरी ओवर के रोमांच के बीच 19.5 ओवर में छह विकेट पर 181 रन बनाकर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

दूसरे मुकाबले में तिलक वर्मा और नितीश कुमार रेड्डी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अहम योगदान दिया। लगातार दो जीत के बाद भारतीय टीम सीरीज में मजबूत स्थिति में है। अब उसकी नजर तीसरा मुकाबला जीतकर पांच मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

पडिक्कल की 199 रन की पारी से भारत ए की दमदार वापसी

सुदर्शन के 91 और सुंदर के नाबाद 51 रन से भारत ए को 284 रन की बढ़त

लिंकन, 26 अक्टूबर। देवदत्त पडिक्कल के शानदार 199 रन की बदौलत भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पडिक्कल दोहरे शतक से केवल एक रन दूर रह गए। उनके शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 488 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 284 रन हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक वॉशिंगटन सुंदर 51 रन बनाकर नाबाद थे। भारत ए ने पहली पारी में 113 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। अब भारत ए ने दूसरी पारी में दमदार वापसी करते हुए मेजबान टीम के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने की स्थिति बना ली है।

पडिक्कल और साई सुदर्शन की शानदार साझेदारी : तीसरे दिन पडिक्कल 56 और साई सुदर्शन 39 रन से आगे खेलने उतरे। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करने के साथ तेजी से रन भी बनाए। सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि पडिक्कल ने आक्रामक अंदाज में रन जुटाए। उन्होंने जेडन लेनॉक्स की गेंद पर छक्का लगाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 12वां शतक पूरा किया।

दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 200 से अधिक रन की साझेदारी कर भारत ए को पहली पारी की बढ़त से उबारा और मैच में मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, न्यूजीलैंड ए ने शॉर्ट गेंदों का इस्तेमाल कर वापसी की कोशिश की। सुदर्शन 91 रन बनाकर स्क्वायर लेग के पीछे तैनात क्षेत्ररक्षक को कैच दे बैठे।

लंच के बाद कप्तान ध्रुव जुरेल भी दो रन बनाकर आउट हो गए। इसके बावजूद पडिक्कल ने एक छोर संभाले रखा और यश राठौड के साथ तेजी से रन बनाए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 से भी बाहर हुए ईशान

वेलिंगटन, 26 अक्टूबर। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 अक्टूबर को वेलिंगटन में खेले जाने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से भी बाहर हो गए हैं। दाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे ईशान ने अभी मैच खेलने की फिटनेस हासिल नहीं की है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। बोर्ड के अनुसार, ईशान की चोट में सुधार हो रहा है, लेकिन उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम लगातार नजर रख रही है। विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाठा तीसरे टी20 मुकाबले के लिए भारतीय टीम के साथ बने रहेंगे।

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है फिर मौका : ईशान की अनुपस्थिति में दूसरे टी20 मुकाबले के लिए वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। एशियाई खेलों में भारत की खिताबी जीत के दौरान सेमीफाइनल और फाइनल में खेलने के बाद वैभव पिछले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में टीम की अंतिम एकादश से बाहर थे।

दूसरे मुकाबले में मौका मिलने के बाद अब उनके तीसरे टी20 में भी खेलने की संभावना है। हालांकि, अंतिम एकादश की आधिकारिक पुष्टि मैच के दिन ही होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मुकाबला 27 अक्टूबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

रणजी ट्रॉफी में कार्तिक शर्मा का अर्धशतक, राजस्थान ने बनाए 272 रन

जयपुर, 26 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच देहरादून के अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी मैदान पर सोमवार से शुरू हुए मुकाबले के पहले दिन राजस्थान ने पहली पारी में 272 रन बनाए। शुरुआती झटकों के बाद कप्तान कार्तिक शर्मा और उपकप्तान कुणाल सिंह राठौड़ ने पांचवें विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला।

राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम ने 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए। संकट के समय कार्तिक शर्मा ने 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि कुणाल सिंह राठौड़ ने 47 रन बनाए। अजय सिंह कुकना ने 39, सचिन यादव ने 37 तथा करण लाम्बा और विशाल हर्ष ने 27-27 रन का योगदान दिया।

उत्तराखंड की ओर से देवेंद्र बोरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 72 रन देकर छह विकेट हासिल किए। मयंक मिश्रा और अवनीश सुधा को दो-दो विकेट मिले। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड ने पहली पारी में बिना विकेट खोए 18 रन बना लिए थे।

महिला टी-20 में हरियाणा ने राजस्थान को सात विकेट से हराया

बीसीसीआई सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में सोमवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को सात विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 104 रन बनाए। संगीता कुमावत ने 30, सुमित्रा जाट ने 28, डिंपल कंवर ने 12 और चंद्रज्योत्सना भाटी ने 10 रन बनाए। हरियाणा की शीतल राणा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर पांच विकेट झटके। जवाब में हरियाणा ने 105 रन का लक्ष्य तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। तनीषा ओहलान ने नाबाद 54 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। राजस्थान की ओर से हैप्पी कुमारी और शानू सेन ने एक-एक विकेट लिया।

अंडर-23 में राजस्थान का मुंबई से मुकाबला कल

बीसीसीआई अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान और मुंबई के बीच मुकाबला मंगलवार, 27 अक्टूबर से मुंबई में खेला जाएगा। मैच से पहले सोमवार को दोनों टीमों ने मैदान पर अभ्यास किया और मुकाबले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

लोकेश और काव्या ने जीते दो-दो खिताब

सीकर, 26 अक्टूबर। राजस्थान राज्य सब-जूनियर (अंडर-11 व अंडर-13) बैडमिंटन चैंपियनशिप में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लोकेश गुर्जर और काव्या चौधरी ने अंडर-13 एकल व युगल वर्ग में खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। वहीं, लक्ष्यित रेवाड़ ने अंडर-11 बालक एकल का खिताब अपने नाम किया।

राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-13 बालक एकल फाइनल में झुंझुनूं के लोकेश गुर्जर ने जयपुर के रक्षित सिंह मेहरा को 13-15, 16-14, 15-10 से हराया। बालिका एकल में काव्या चौधरी ने मिराया फागेरिया को 14-16, 17-15, 15-3 से शिकस्त देकर खिताब जीता।

अंडर-11 बालक एकल फाइनल में जयपुर के लक्ष्यित रेवाड़ ने बीकानेर के कपिल राठौड़ को 15-13, 15-9 से हराया। बालिका एकल में सान्वी मेहता ने राशि सिंघल को 15-10, 15-8 से पराजित कर खिताब हासिल किया।

अंडर-13 बालक युगल फाइनल में लोकेश गुर्जर और रक्षित सिंह मेहरा की जोड़ी ने नटिक बंसल और पार्थ भाकर को 15-3, 15-7 से हराया।

केबी रॉयल की 79 रन से जीत

जयपुर, 26 अक्टूबर। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे प्रथम कर्नल बिशन सिंह राठौड़ क्रिकेट टूर्नामेंट में केबी रॉयल क्रिकेट अकादमी ने डीएस क्रिकेट अकादमी को 79 रन से हराया। कार्तिक पूनिया को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केबी रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम 35 ओवर में 176 रन पर ऑलआउट हो गई। कार्तिक पूनिया ने 88 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। डीएस क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य वाधवा ने चार और लक्ष्य वैष्णव ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएस क्रिकेट अकादमी की टीम 97 रन पर सिमट गई। रोहित कुमार ने सर्वाधिक 31 रन बनाए।

टेनिस यूनियन चुनाव में महेश भूपति और सानिया मिर्जा की एंट्री, लिएंडर पेस बाहर

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। भारतीय टेनिस में अब खेल के मैदान के बाद प्रशासन में भी बड़े खिलाड़ियों की भूमिका बढ़ने की तैयारी है। इसी कड़ी में महेश भूपति और सानिया मिर्जा ने अखिल भारतीय टेनिस यूनियन में प्रतिनिधित्व पाने के लिए नामांकन दाखिल किया है। दोनों ने 7 नवंबर को होने वाले खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों के चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। हालांकि, भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का नाम उम्मीदवारों की सूची में नहीं है, जिससे यूनियन के अध्यक्ष पद के लिए उनकी दावेदारी को बड़ा झटका लगा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, पेस की उम्मीदवारी को बंगाल टेनिस यूनियन का समर्थन मिला था। इसके बावजूद वह उत्कृष्ट खिलाड़ियों की श्रेणी के तहत होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल नहीं कर सके। इस श्रेणी में कुल 40 खिलाड़ियों की सूची है और पेस इसमें पहले स्तर पर रखे गए एकमात्र खिलाड़ी हैं। लेकिन केवल इस सूची में शामिल होना राष्ट्रीय यूनियन के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त नहीं है।

नए राष्ट्रीय खेल प्रशासन कानून और उसके नियमों के मुताबिक, किसी राष्ट्रीय खेल यूनियन में पदाधिकारी बनने के लिए उम्मीदवार को राज्य खेल यूनियन में कम से कम एक कार्यकाल तक पदाधिकारी के रूप में काम करना जरूरी है।

पेस ने राज्य यूनियन में जरूरी अवधि पूरी नहीं की है। ऐसे में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चुनाव के जरिए उन्हें राष्ट्रीय यूनियन में प्रतिनिधित्व पाने का रास्ता नहीं मिल सका। हालांकि, वह 27 नवंबर को होने वाले अखिल भारतीय टेनिस यूनियन के चुनाव में बंगाल का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, लेकिन मौजूदा नियमों के तहत इस रास्ते से अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

जूनियर नेशनल तीरंदाजी में राजस्थान को दो स्वर्ण, एक रजत

प्रतिभा कंडारा ने व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड और मिक्स टीम में जीता स्वर्ण, पुरुष टीम रही उपविजेता

जयपुर, 26 अक्टूबर। 46वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। जगतपुरा स्थित तीरंदाजी रेंज पर सोमवार को इंडियन राउंड के मुकाबलों में प्रतिभा कंडारा ने व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में स्वर्ण पदक जीता। प्रतिभा ने युवराज वर्मा के साथ मिक्स टीम स्पर्धा में भी राजस्थान को स्वर्ण दिलाया, जबकि पुरुष टीम ने रजत पदक हासिल किया।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि महिला 30 30 मीटर रैंकिंग राउंड में प्रतिभा कंडारा ने 665 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। बिहार की संस्कृति राज 655 अंकों के साथ दूसरे और हरियाणा की कविता 653 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

मिक्स टीम स्पर्धा में प्रतिभा कंडारा और युवराज वर्मा की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले का स्कोर 4(20)-4(16) दर्ज किया गया। पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही।

पुरुष टीम स्पर्धा में युवराज वर्मा, शोभित जांगिड़, अर्पित बाडिवाल और उदयपाल की चौकड़ी ने रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में हरियाणा ने स्वर्ण और झारखंड ने कांस्य पदक हासिल किया।

जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम चेन्नई रवाना

जयपुर, 26 अक्टूबर। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित होने वाली 25वीं जूनियर राष्ट्रीय बालक-बालिका वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान की टीम चेन्नई रवाना हो गई। राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानन्द कटारिया ने टीम की घोषणा की। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष विजय सिंह शेखावत और वुशू कोच राजेश कुमार टेलर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

बालक टीम: दुष्यंत सिंह गुर्जर (45 किग्रा), खुशदीप (48 किग्रा), लक्षित चांवरिया (52 किग्रा), मनीष कुमार (56 किग्रा), मानवेंद्र सिंह (60 किग्रा), मनीष (65 किग्रा), नरेंद्र सिंह (70 किग्रा), सुनील (75 किग्रा), प्रिंस शर्मा (80 किग्रा) और धर्मेश फौजदार (85 किग्रा), हरिओम माली (90 किग्रा)। तकनीकी स्पर्धाओं में लखन पारीक, मोहम्मद अकील, विश्वशर्वा आचार्य, स्वरित पारीक, यशराज, पार्थ सेन, मयंक वर्मा, शिवम शर्मा और देव पारीक शामिल हैं। टीम के कोच आर्केश्वर मेडतवाल और मैनेजर मनोज चित्तोडिया हैं।

बालिका टीम: दिव्या सोनी (45 किग्रा), गायत्री पूनिया, दिव्या गोदारा (52 किग्रा), नोजल (56किग्रा), प्रियांशी गौतम (60 किग्रा), हिमानी (65 किग्रा), समीक्षा चौधरी (70 किग्रा) और रिया (75 किग्रा)। तकनीकी स्पर्धाओं में हिमांगी नेगी, कीर्ति सिंह, प्रशी महावर, रौनक सोनी, उन्नित शेखावत, अनुज फोगाट, सलेहा वसीम, रिद्धिमा भाटी और सुनैना चौधरी शामिल हैं। टीम की कोच देवराज और मैनेजर नीलम चौधरी हैं।

सांसद सतीश पूनिया ने महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए दिए 35 लाख रुपये

सादुलपुर (चूरू), 26 अक्टूबर। हॉकी राजस्थान के तत्वावधान में सादुलपुर में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद सतीश पूनिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी मैदान में निर्माण कार्य और हॉकी सामग्री की उपलब्धता के लिए सांसद कोष से 35 लाख रुपये स्वीकृत किए। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया एजीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य अरुण कुमार सारस्वत, हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष महिपाल सिंह, महासचिव देवेंद्र सिंह शेखावत, आयोजन अध्यक्ष सचिन पांडिया, सचिव मोहम्मद यूसुफ चौहान और वरिष्ठ कोच नंद कुमार सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबलों में बाड़मेर ने कोटा को 2-0, नागौर ने बारां को 9-0, हनुमानगढ़ ने उदयपुर को 8-0 और करौली ने सीकर को 2-1 से हराया। टोंक ने अलवर को शूटआउट में 1-0 से पराजित किया। वहीं जयपुर ने जोधपुर को 3-0, अजमेर ने बाड़मेर को 1-0 और श्रीगंगानगर ने नागौर को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की।

बड़े उलटफेर के साथ धैर्य गोगिया क्वार्टर फाइनल में

नेशनल स्क्वैश: गौरवी, इनाया, युवान, दिव्यांशी, जैन अली और सुभाष भी अंतिम आठ में

जयपुर, 26 अक्टूबर। सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के धैर्य गोगिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एसएमएस स्टेडियम कोर्ट्स पर खेले गए बॉयज अंडर-15 वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में धैर्य ने दूसरी वरीयता प्राप्त राजस्थान के ही फरीद अन्द्रावी को पांच सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 11-8, 7-11, 11-6, 6-11, 16-14 से हराया। क्वालिफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में पहुंचे धैर्य की इस जीत ने सबका ध्यान खींचा।

राजस्थान के छह अन्य खिलाड़ी गौरवी अजमेरा, इनाया अन्द्रावी, युवान वर्मा, दिव्यांशी जैन, जैन अली और सुभाष चौधरी ने भी अपने-अपने आयु वर्ग में जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई।

राजस्थान के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन : गर्ल्स अंडर-11 वर्ग में गौरवी अजमेरा ने झारखंड की अनायशा साहू को 3-2 से, जबकि इनाया अन्द्रावी ने हरियाणा की आद्या चौहान को 3-0 से हराया। बॉयज अंडर-11 में युवान वर्मा ने दिल्ली के अंगद सिंह को 3-0 से शिकस्त दी।

बॉयज अंडर-13 में जैन अली ने तमिलनाडु के हरिबाला के. को 3-0 से पराजित किया। गर्ल्स अंडर-15 में दिव्यांशी जैन ने राजस्थान की ही राशि चौधरी को 3-0 से हराया। वहीं, बॉयज अंडर-19 में सुभाष चौधरी ने तमिलनाडु के जाद गनी को 3-0 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीय खिलाड़ियों ने भी बनाई जगह : अन्य मुकाबलों में बॉयज अंडर-11 के शीर्ष वरीय अगस्त्य उप्पल (दिल्ली), गर्ल्स अंडर-13 की रिया दलाल और बॉयज अंडर-13 के एरोन अरांभन (दोनों महाराष्ट्र), बॉयज अंडर-15 के ध्रुव जौहरी (हरियाणा) और गर्ल्स अंडर-15 की अनिका कलंकी (मध्य प्रदेश) ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इसी तरह गर्ल्स अंडर-17 में आद्या बुधिया (झारखंड), बॉयज अंडर-17 में श्रेयांश झा (महाराष्ट्र) और गर्ल्स अंडर-19 में आकांक्षा गुप्ता (महाराष्ट्र) ने भी अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

आयोजन सचिव सुरभि मिश्रा के अनुसार, मंगलवार को सभी आयु वर्गों के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

अजीम गोल्ड कप टी-20: अब्बास क्रिकेट अकादमी ने जीता उद्घाटन मुकाबला

जयपुर, 26 अक्टूबर। अजीम गोल्ड कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर अब्बास क्रिकेट अकादमी और केएल सैनी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इसमें अब्बास क्रिकेट अकादमी ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। लोकेंद्र चौधरी को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल सैनी क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 126 रन बनाए। सूर्यांश बुहाडिया ने 37, शोभित मिश्रा ने 32 और सतवीर चौधरी ने 29 रन का योगदान दिया। अब्बास क्रिकेट अकादमी की ओर से लोकेंद्र चौधरी ने तीन और आशीष चोपड़ा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अब्बास क्रिकेट अकादमी ने 14.5 ओवर में पांच विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। जतिन चौधरी ने 52 रन और एमजे ने 25 रन की पारी खेली। केएल सैनी क्रिकेट अकादमी की ओर से आर्यन चटर्जी और लखन चौधरी ने दो-दो विकेट हासिल किए।